卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 240 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦10 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित: मोदी

### कार्यभार संभालते ही पीएम ने किसानों से जुड़ी फाइल पर किये हस्ताक्षर



नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के करीब 16 घंटे बाद सोमवार को अपने कार्यालय में प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला। उन्होंने कार्यभार संभालते ही पीएम किसान निधि सम्मान योजना से जुड़ी फाइल पर साइन किए। पीएम किसान निधि सम्मान योजना की 17वीं किस्त से जुड़ी फाइल को हरी झंडी दी गई है। इसके तहत लगभग 20 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे, जिससे देश के 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। इसलिए ये वाजिब था कि पहली फाइल जिस पर साइन किया जाना है, वह किसानों के कल्याण से जुड़ी हुई हो। हम आने वाले समय में किसानों के लिए और कृषि सेक्टर के लिए अधिक से अधिक काम करना चाहते हैं। मोदी कैबिनेट ने रविवार को शपथ के बाद सोमवार को दो अहम फैसले लिए। ये दोनों फैसले प्रधानमंत्री आवास (शेष पृष्ठ सात पर)

## बदरीनाथ व मंगलौर में 10 जुलाई को होंगे विधानसभा उपचुनाव

देहरादून (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म होने के साथ ही दो जिलों में हरिद्वार और चमोली में फिर आचार संहिता लागू होने जा रही है। चुनाव आयोग ने बदरीनाथ विधानसभा(चमोली) और मंगलौर विधानसभा(हरिद्वार) उप चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। बता दें बदरीनाथ के कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इस्तीफा दे दिया था। वह भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके चलते बदरीनाथ विधानसभा खाली हो गई थी। जबकि मंगलौर के बसपा विधायक हाजी सरवत करीम अंसारी का निधन होने के बाद से यह सीट खाली है। लोकसभा चुनाव के साथ यहां उपचुनाव भी होने थे लेकिन इससे संबंधित याचिका हाईकोर्ट में लंबित होने के चलते चुनाव आयोग ने तिथि जारी नहीं की थी। अब उसका निस्तारण होने के बाद आयोग ने तिथि जारी कर दी है। जिसके तहत नामांकन की अंतिम तिथि 21 जून, नामांकन पत्रों की जांच 24 जून, नाम वापसी की अंतिम तिथि 26 जून और उप चुनाव की तिथि 10 जुलाई निर्धारित की गयी है। जबकि मतगणना 13 जुलाई को होगी।

## खाई में गिरने से पूर्व सैनिक की जान गयी



चम्पावत(उद संवाददाता)। लोहाघाट क्षेत्र में एक पूर्व सैनिक की खाई में गिरने में मौत हो गई। मृतक की बाइक सड़क किनारे खड़ी मिली है। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को खाई से बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार शादी समारोह में शामिल होने चौमेल जा रहे चम्पावत निवासी 36 वर्षीय पूर्व सैनिक एवं गोल्ज्यू मंदिर के पुजारी पंकज पांडे पुत्र हरीश चंद्र पांडे चौमेल रोड में मंगोली के पास गहरी खाई में गिरने से मौत हो गई। सूचना पर डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद टीम ने फायर स्टेशन लोहाघाट को सूचना दी। सूचना पर फायर टीम एफएसएसओ चंदन राम के नेतृत्व में रविवार रात 12 बजे के लगभग घटना स्थल पर पहुंची।फायर टीम ने रात के अंधेरे में कड़ी मशक्कत के बाद पूर्व सैनिक को गहरी खाई से निकला तथा 108 के जरिए के उन्हें लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोमवार को एफएसएसओ चंदन राम ने बताया पूर्व सैनिक को काफी गंभीर चोटें लगी हुई थीं। वहीं सड़क के किनारे मृतक की बाइक भी खड़ी मिली। लोहाघाट थाने के प्रभारी एसओ चेतन रावत ने बताया शव को कब्जे मे ले लिया है। पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। घटना की सूचना (शेष पृष्ठ सात पर)

## पिकअप खाई में गिरी, दो की मौत,13 घायल



नैनीताल(उद संवाददाता)। देर रात बेतालघाट महोत्सव से लौट रही एक पिकअप हरचानोली के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में दो की मौत हो गई जबकि 13 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू कर निजी वाहन से घायलों को बेतालघाट सीएचसी ले जाया गया। जानकारी के अनुसार बेतालघाट महोत्सव से लौट ही एक पिकअप रात करीब साढ़े 11 बजे अनियंत्रित होकर 100 फिट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में नैनीचौक बेतालघाट निवासी 58 वर्षीय उम्मेद सिंह पुत्र टीका सिंह और खैराली बंगा बेतालघाट निवासी 15 वर्षीय मीनाक्षी बोहरा पुत्री भागवत सिंह खैराली बंगा की मौत हो गई। जबकिं मंजू कठायत, बालम सिंह, कंचन, सौरभ, हेमा देवी, पुष्पा बोहरा सूरज कठायत, पना देवी, प्रभा कठायत, दीपा देवी, प्रभा बोहरा, कुंदन बोहरा, पिंकी बोहरा, और चंद्रा निवासी पल्सों गांव और वर्धो गांव घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उचाकोट तल्ला गाँव बेतालघाट निवासी 12 वर्षीय बबीता कठायत पुत्री पृथ्वी (शेष पृष्ठ सात पर)

## गोलीकाण्ड के मामले में जांच के बाद गार्ड के खिलाफ केस

### गैस गोदाम में चोरी करने घुसे युवक की हुई थी मौत

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। भारत गैस एजेंसी के गोदाम में चोरी करने घुसे युवक की गार्ड की गोली लगने से हुई मौत के मामले में पुलिस की जांच में गार्ड की लापरवाही सामने आई है। पुलिस ने मामले में गार्ड के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गौरतलब है कि 28 जनवरी को ग्राम गढ़ीपट्टी नानकमत्ता निवासी कुलदीप सिंह पुत्र रूप सिंह भारत गैस एजेंसी में रात्रि 9 बजे पिछली दीवार फांदकर चोरी करने के इरादे से घुस गया था और गोदाम से सिलेण्डर चोरी कर ले जा रहा था। तभी गोदाम में तैनात गार्ड परशुराम ने टार्च जलाकर उसे रोकने का प्रयास किया जिस पर उसने गार्ड पर हमला कर दिया। इसी दौरान गार्ड ने अपनी जान बचाने के प्रयास में लाईसेंसी बंदूक से कुलदीप सिंह को गोली मार दी । जिससे कुलदीप घायल अवस्था में गेहूं के खेत की ओर भाग गया। घटना (शेष पृष्ठ सात पर)

## तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर मनाया जश्न



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। तीसरी बार देश में एनडीए की सरकार बनने पर विधायक शिव अरोरा के कार्यालय पर भाजपा कार्यकताओं ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि यह देश के इतिहास में नया कीर्तिमान है कोई सरकार तीसरी बार लगातार इतने बड़े जनादेश के साथ बनी है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के दस साल किये गये जनकल्याण के कार्यों का परिणाम है। इस अवसर पर भाजपाइयों ने नरेंद्र मोदी के पुन: प्रधानमंत्री बनने और अल्मोड़ा के सांसद अजय टम्टा को मंत्री बनाये जाने पर खुशी जताई। भाजपा नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक निर्णय वाला होगा जो देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाकर रहेगा।इसदौरान मिष्ठान वितरण करने वालों मे भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर, वेद ठुकराल , सुरेश कोली, तरुण दत्ता, धीरेश गुप्ता, उपेंद्र चौधरी, नेत्रपाल मौर्य, हरीश भट्ट, जगदीश (शेष पृष्ठ सात पर)

## 6 ग्राम स्मैक के साथ युवक दबोचा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना पुंलिस ने एक युवक को 6 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। एस आई शंकर सिह विष्ट एंव कांस्टेबल नवीन जोशी ने गुरमेज सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह निवासी ग्राम टुकड़ी थाना नानकमत्ता को 6 ग्राम स्मैक के धर दबोचा। गुरमेज सिंह ने पुलिस को बताया यह स्मैक वह सुखविन्द्र सिंह ऊर्फ सुक्खा पुत्र सतनाम सिंह निवासी ग्राम टुकड़ी थाना नानकमत्ता से 15 हजार रूपये देकर खरीदी है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## क्या मोदी लगा सकेंगे 'पाकिस्तान' के मुंह पर 'ताला'?

### परमाणु हथियारों के उपयोग के संबंध में नो फर्स्ट यूज नीति का पालन करता है भारत, देश में लंबे समय से उठ रही है नो फर्स्ट यूज नीति बदलने की मांग

-अर्श-



देहरादून। बीते रोज शपथ ग्रहण के बाद, मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए मोदी पलटन के लगभग सभी प्रमुख चेहरे सामने आ गए हैं ,साथ ही पीएम मोदी ने अपने आगामी 5 साल का रोड मैप भी तकरीबन स्पष्ट कर दिया है । अपने पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी एवं सर्जिकल स्ट्राइक और दूसरे कार्यकाल में जम्मू कश्मीर से धारा 370 खत्म करने जैसे क्रांतिकारी निर्णय लिए थे। उपरोक्त सभी फैसले देश में आतंकवाद के उन्मूलन और देश की आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा को केंद्र में रखकर लिए गए थे। ऐसे मैं अब देशभर की निगाहें इस पर रहेगी कि क्या मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में पड़ोसी देश पाकिस्तान की ओर से गाहे बगाहे दी जाने वाली परमाणु हमले की गीदड़ भभकी के मद्देनजर ,भारत की परमाणु हथियार उपयोग संबंधी नीति में परिवर्तन कर ,पाकिस्तान के मुंह पर ताला लगाएंगे? बताना होगा कि भारत के परमाणु कार्यक्रम का उद्देश्य सदैव ही देश की शांति सुरक्षा और उन्नति पर केंद्रित रहा आया है और भारत परमाणु हथियार संपन्न होने के बावजूद एक जिम्मेदार देश की तरह नो फर्स्ट यूज के अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांत का पालन करता है। इस सिद्धांत के अनुपालन में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई बार इस बात को दोहराया है कि वह किसी भी परमाणु संपन्न देश के विरुद्ध परमाणु हथियारों का उपयोग पहले नहीं करेगा। इसके उलट आतंकवाद को पोषित एवं संरक्षित करने वाले भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान का विश्वास नो फर्स्ट यूज के सिद्धांत पर बिल्कुल ही नहीं है और वह भारत के विरुद्ध परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की गीदड़ भभकी अक्सर ही देता रहता है । मोदी सरकार 3- 0 के गठन के ऐन पहले पाकिस्तान ने एक बार फिर यही राग अलापा है। पाकिस्तान अखबार डॉन की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के परमाणु बम की देखरेख करने वाली नैशनल कमांड अथॉरिटी के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल खालिद अहमद किदवई ने हाल ही में जारी बयान में एक बार फिर कहा है कि पाकिस्तान की परमाणु बम को लेकर कोई नो फर्स्ट यूज की नीति नहीं है। पाकिस्तान के परमाणु बम पूरी तरह से तैयार हैं। भारत बेशक नो फर्स्ट यूज का पालन करता रहे ,लेकिन पाकिस्तान जरूरत पर पड़ने परमाणु हमला भी कर सकता है। पाकिस्तान के इसी रवैए के मद्देनजर भारत में भी नो फर्स्ट यूज की नीति में समीक्षा की मांग एक अरसे से उठती चली आ रही है , लेकिन अभी तक इसपर कोई फैसला नहीं हो सका है । यहां यह है स्पष्ट कर दें कि भारत ने परमाणु हथियार के उपयोग संबंधी नो फर्स्ट यूज सिद्धांत को बदलने की मांग के संबंध में अभी भी यही रुख अपना रखा है कि (शेष पृष्ठ सात पर)

# एसडीएम से की मलिन बस्तियों के चिन्हीकरण की मांग

## वार्ड वासियों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के साथ सौंपा ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)। शासन के निर्देश पर नगर निकायों की मलिन बस्तियों के चिन्हीकरण में किच्छा नगरपालिका वार्ड नं० 17 के पुलभट्टा बंगाली कालोनी का चिन्हीकरण कर मलिन बस्ती की सूची में सूचीबद्ध करने की मांग को लेकर वार्ड वासियों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी कौस्तूभ मिश्रा से भेंट की तथा इस संबंध का एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि पुराना बरेली रोड जो रेलवे क्रासिंग पर जाकर समाप्त हो गया है, इस सड़क के दोनों ओर अपने कच्चे घर झोपड़ी / टीनशेड बनाकर लगभग 40-45 वर्षों से निवास कर रहे है। सभी उत्तराखण्ड के स्थाई निवासी है तथा इस स्थान के अलावा कहीं भी कोई



आवास या भूमि नहीं है। अधिकांश परिवार अनुसूचित एवं पिछड़ी जाति के है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा से कहा कि अति शीघ्र मलिन बस्तियों का चिन्हीकरण कराकर आम जनता को राहत प्रदान करते हुए इनके कच्चे घरों के निर्माण एवं जीवन यापन करने के लिए उचित व्यवस्था किया जाना चाहिए। उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने उपस्थित जन समुदाय एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को स्वस्थ करते हुए कहा कि पूर्ण रूप से जांच कर कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आवश्यक होने पर मलिन बस्ती को सूचित सूचीबद्ध करते हुए सभी सरकारी सुविधा उपलब्ध कराए जाने का शासन से अनुरोध किया जाएगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष मनमोहन सिंह, पूरन भट्ट, राजकुमार कोली, प्रधान विवेक राम, लिवान, मुल्का सिंह, निखिल हलधर, सुचीना राय,नरेश कुमार,जयदेव विश्वास, सिल्का सिंह,कमल वैरागी आदि थे।

# रामायण विहार को मलिन बस्ती घोषित करने को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। झा कालोनी 4एच क्लब वार्ड 16 रामायण बिहार, नगर पालिका क्षेत्र नगला को मलिन बस्ती के रूप चिहिकरण करने की मांग को लेकर क्षेत्र वासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि झा कालोनी 4एच क्लब वार्ड न. 16 रामायण बिहार, मलिन बस्ती के निवासी सन् 1970 से झोपड़ी, टीन शेड़ व कच्चे-पक्के मकान बनाकर स्थाई रूप से रह रहे है तथा उत्तराखण्ड के स्थाई निवासी हैं। अधिकांश लोग अनुसुचित जाति, पिछड़ी जाति के गरीब आवास हीन व भूमिहीन लोग हैं तथा इस जगह के अलावा पूरे देश में पास कोई जमीन एवं मकान नहीं है। नगला पन्तनगर में पूर्व में ग्राम सभा अथवा नगर पालिका न होने के कारण उनकी मलिन बस्ती का नियमितिकरण या चिन्हीकरण नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नगला पन्तनगर नगर पालिका के रूप में शासन द्वारा गठित हो चुकी है तथा हमारे संज्ञान में आया है कि राज्य सरकार ने सभी जिला अधिकारियों को अपने जनपद के नगरीय क्षेत्रों की मलिन बस्तियों को चिन्हित करने हेतु एक सप्ताह में प्रस्ताव मांगे है, ताकि इनका विकास पुनरूद्वार पुर्नवास किया जा सके। उन्होंने ए है कि हमारी मलिन झा कालोनी 4 एच क्लब वार्ड न. 16 रामायण बिहार, नगर पालिका पन्तनगर आग्रह किया कि उनकी बस्ती को मलिन बस्ती के रूप में चिन्ही करण कराकर इसे श्रेणीबद्ध कराने हेतु शासन को प्रस्तावित करने की कृपा करें। ज्ञापन में ओमप्रकाश, मूर्ति, महिपाल, किशनपाल, कालीचरण, आकाश, मुन्नी, विनोद, विजय, सुरेश, हीरालाल, अरुण, हरिओम, नरेश, अनिल, ओमवती, गंगा शरण, सोहनपाल, दिनेश व जंग बहादुर आदि के हस्ताक्षर हैं।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के चरन सिंह बने अध्यक्ष

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन सितारगंज, शक्तिफार्म,नानकमत्ता इकाई में सर्वसम्मति से अध्यक्ष चरनसिंह सरारी, महामंत्री विक्की मंडल,कोषाध्यक्ष प्रवेश राणा को



बनाया गया। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की सितारगंज, शक्तिफार्म, नानकमत्ता इकाई की बीते शनिवार को जिला अध्यक्ष राजीव चावला की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।बैठक में पत्रकारों के हितों तथा अहितो को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।इसके उपरांत श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की सितारगंज, शक्तिफार्म, नानकमत्ता इकाई की कार्यकारणी का गठन किया गया। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष राजीव चावला एवं प्रदेश प्रवक्ता अवतार सिंह बिष्ट की उपस्थिति एवं दिशा निर्देश पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस सितारगंज में हुई बैठक मे सर्वसम्मति से नई कार्यकारणी का गठन करते हुए चरन सिंह सरारी को अध्यक्ष , विक्की मंडल महामंत्री, प्रवेश राणा कोषाध्यक्ष, तनवीर अंसारी, नवीन भट्ट वरिष्ठ उपाध्यक्ष,गुरनाम सिंह, अश्वनी दीक्षित उपाध्यक्ष, मनोज हालदार, हरिमोहन राणा ,राजेश कुमार खन्ना सचिव मनोनीत किए गए। बिट्टू अंसारी, अमर सिंह यादव,विक्की चौधरी, मनोज राय ,एहसान अंसारी, संरक्षक बनाए गए। जिला अध्यक्ष राजीव चावला ने मनोनीत पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई देते हुए श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की सक्रियता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा की प्रत्येक महीने नियमित रूप से पत्रकार यूनियन की बैठक आयोजित की जाए।जिसमे पत्रकारो के हितो तथा अहितो की लड़ाई को लेकर चर्चा हो ओर पत्रकारों के उत्पीड़न पर संगठित होकर लड़ा जा सके।श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश महामंत्री विश्वजीत नेगी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो एवं सदस्यों को बधाई दी।

# भाजपा की हैट्रिक पर गौरी ने किया मिष्ठान वितरित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार गठित होने पर आज निवर्तमान पार्षद तथा भाजपा नेता सुरेश गौरी द्वारा शिमला बहादुर स्थित अपने कार्यालय के समक्ष पार्टी कार्यकर्ताओं व आम जनता को मिष्ठान का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम से यह साबित हो गया है कि देश की जनता का भाजपा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पूरा विश्वास है। उन्होंने कहा



कि अब देश और तेज गति से विकास की ओर अग्रसर होगा वहीं विश्व में भारत पहले से भी और मजबूत होकर सामने आएगा। श्री गौरी ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में उत्तराखंड को प्रतिनिधित्व देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देवभूमि के हर व्यक्ति का सम्मान बढ़ाया है। आगामी निकाय चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। इस दौरान राज्य आंदोलनकारी हरीश जोशी, मुन्ना भारद्वाज, बीसी जोशी, देवी दत्त जोशी, अविनाश कुमार, शंकर, नूरजहां, साहब, अनिल कुमार, दिनेश कुमार, दिलीप कुमार, अशोक कुमार, मीना देवी, एलडी जोशी, जय कुमार, अकुश, सिद्धार्थ, आदित्य, लाल मोहन शाह, राम पाल, आदि कुमार, गजेंद्र गंगवार, अमित जोशी, क्रिस कुमार, शिवशंकर, सौराभ्र, सिद्धार्थ, आदर्श, अंकुश, कमल पांडेय, अनिकेत, पियूष व कमलेश आदि मौजूद थे।

# अंत्योदय और सफेद राशन कार्ड पर 8 रुपये की दर से मिलेगा नमक

## सस्ता गल्ले की दुकान पर अब मिलेगा सस्ता नमक

सितारगंज। सरकारी सस्ता गल्ला की दुकानों में गेहूं, चावल के साथ उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर नमक भी वितरित किया जाएगा। शासन के आदेश पर संभागीय खाद्य नियंत्रक कुमाऊं अधिकारी ने जनपद के समस्त अधिकारियों को नमक आवंटन और वितरण के निर्देश दिए हैं। इसी माह नमक का वितरण शुरू हो सकता है। तहसील क्षेत्र में 53131 राशन कार्ड धारक हैं। जिनमें अंत्योदय, सफेद राशनकार्ड धारक और पीले राशन कार्ड धारक सम्मिलित हैं। इन सभी राशन कार्डधारकों के लिए



विपणन विभाग प्रत्येक माह सस्ती दरों पर गेहूं, चावल अन्य खाद्य सामग्री सस्ता गल्ला विक्रेताओं को उपलब्ध कराता है। गेहूं चावल आवंटन के बाद समस्त सस्ता गल्ला विक्रेता राशन कार्ड की योजना के अनुरूप उपभोक्ताओं को सरकारी अनाज वितरित करते हैं । जिसका लाभ निर्धन परिवारों के राशन उपभोक्ताओं को भी मिलता है। लेकिन इस बार गेहूं,चावल के साथ ही शासन ने अंत्योदय और सफेद राशन कार्ड धारकों के लिए आयोडाइज्ड नमक भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिसके क्रम में संभागीय खाद्य नियंत्रक कुमाऊं अधिकारी लता मिश्रा ने कुमाऊं के सभी जिम्मेदार अधिकारियों को नमक आवंटन और वितरण करने के निर्देश दिए हैं। पूर्ति निरीक्षक केके बिष्ट ने बताया कि सफेद और अंतोदय कार्ड धारक को हर माह एक किलोग्राम नमक 8 रुपएकी दर से उपलब्ध कराया जाएगा। पीले राशन कार्ड धारकों को इस योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र में 28489 सफेद और अंतोदय कार्ड धारक हैं। जिनके लिए 284 कुंतल नमक उपलब्ध कराया गया है नमक वितरण का कार्य इसी माह सस्ता गल्ला विक्रेता शुरू कर सकते हैं। पीडीएस के गोदाम पर नमक का आवंटन भी हो गया है।

# शहीदी दिवस पर बाबा भगवंत भजन सिंह ने आठ बच्चों को किया पुरस्कृत

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाबा बुड्ढा जी के निवास स्थल रमदास श्री अमृतसर साहिब से नजदीकी ग्राम नवाब नगर पहुंचे बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनका पालन पोषण करके अपने जीवन को सुखी एवं दीर्घायु बनाए जाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत दीवान सजाए गए, जिसमें बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई। रागी भाई दर्शन सिंह,डेरा बाबा नानक से आए रागी भाई वीर सिंह नामधारी, कथावाचक भाई हरप्रीत सिंह ग्रंथी गुरप्रीत सिंह एवं देवेंद्र सिंघ ने गुरु अर्जन देव जी के शहीदी पर्व पर प्रकाश डालते हुए गुरबाणी पाठ तथा गुरु ग्रंथ साहिब जी के सिद्धांतों पर चलते हुए मातृभाषा गुरमुखी पंजाबी का शिक्षण कार्य शिविर लगाकर करने का आह्वान किया।



बाबा भगवत भजन सिंह ने विभिन्न रोगों के निवारण के लिए प्राकृतिक स्रोतों के अनुसार लोहा तांबा मिट्टी एवं पीतल के बर्तनों का प्रयोग भोजन पकाने के लिए करने की अपील की, उन्होंने ऑर्गेनिक खेती करने के लिए भी किसानों को प्रेरित किया। बाबा भगवंत भजन सिंह, सरदार भगवंत सिंह,सरदार परमजीत सिंह एवं कर्नल हरवीर सिंह द्वारा गुरबाणी पाठ नित्य प्रति करने वाले आठ बच्चों को पुरस्कार देखकर सम्मानित किया। बाबा भगवत भजन सिंह ने सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा चलाए जा रहे सिलाई प्रशिक्षण शिविर एवं धार्मिक पंजाबी तथा गुरुबानी पाठ की संचालित होने वाली कक्षाओं के उत्साह वर्धन किया। दूर दराज से आई संगत ने गुरु का लंगर रूपी प्रसाद भी ग्रहण किया।




# भय व असुरक्षा के माहौल में प्रभु शरणागत हो जाओ: चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एंव संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आप संत, ज्ञानी या भक्त तब है जब आपका भय समाप्त हो जाए। भय बहुत है, प्रत्येक जीव अंदर से भय से ग्रसित है। राजा भर्तरी ने तो कहा है भोग में रोग का भय, कुल के नष्ट हो जाने का भय, धन में सरकार या राजा का भय, आग लगने आदि का भय। अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों में उन्होंने कहा कि जो अभय होते हैं किसी को डराते भी नहीं है। अब तो घर-घर में ऐसे लोग पैदा हो गए हैं जो समाज को, पृथ्वी माता को पीड़ित कर रहे हैं। लेकिन उनके अंतर में किसी कोने



में भय है । भक्त किसी को डराता भी नहीं है। संत,परमात्मा किसी को नहीं डराते और सच्चा भक्त डरता भी नहीं है। उन्होंने कहा कि परमात्मा का आश्रय जिस किसी ने भी लिया उसको दूसरे का आश्रय नहीं लेना पड़ता है। परमात्मा दो बार स्थापित नहीं करते एक ही बार में अभय कर देते हैं। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा जैसे एक बहुत बड़ी गहरी और चौड़ी नदी में कोई प्राणी बहता हुआ जा रहा हो और उस नदी में एक ऐसी लहर आए कि जिससे वह प्राणी नदी के किनारे आ जाए और उस किनारे पर उगी हुई घास को पकड़ ले तो वह घास दो काम करेगी या तो वह उसे बहते हुए प्राणी को निकाल लेगी या टूट गई तो स्वंय बहते प्राणी के साथ ही बहकर चल देगी। इसी प्रकार इस संसार रूपी नदी में भी यह प्राणी बह रहा है जो भी प्राणी भगवान का सहारा ले लेगा वह संसार सागर से पार हो जाएगा।अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व "श्री गुरु महाराज""कामां के कन्हैया"व "लाठी वाले भैय्या" की जय जयकार से गूंज उठा।


# मोदी मंत्रीमंडल में शामिल हुए अजय टम्टा





## उत्तराखंड को मिला हैट्रिक गिफ्ट: अजय टम्टा को सियासी समीकरणों का मिला लाभ
## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पीएम नरेंद्र मोदी और मंत्रीमंडल के सदस्यों को दी बधाई

देहरादून/ अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार पांच कमल खिलाने वाले उत्तराखंड को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट में प्रतिनिधित्व देकर बड़ा तोहफा दिया है। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार चुनाव जीते अनुभवी अजय टम्टा मोदी कैबिनेट में हिस्सा बने हैं। रविववार को शपथ ग्रहण समारोह में उन्होंने राज्यमंत्री पद की शपथ ली है। केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ लेने के बाद सांसद अजय टम्टा ने कहा कि इस महनीय दायित्व के लिए यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, भाजपा के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री जेपी नड्डा जी, माननीय केंद्रीय गृहमंत्री आदरणीय श्री अमित शाह जी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के प्रति हृदय से धन्यवाद और आभार।मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूँ कि भारत की जनता की सेवा के इस दायित्व का एकनिष्ठ भाव और पूरे समर्पण के साथ निर्वहन करूँगा। निश्चित ही यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व में भारत विकास के पथ पर अविराम



गतिशील रहेगा व विकसित भारत का संकल्प भी अवश्य सिद्ध होगा। यह हम सभी साथ मिलकर सुनिश्चित करेंगे। केंद्र में मंत्री बनाए जाने की सबसे अधिक संभावनाएं गढ़वाल संसदीय सीट से चुने गए अनिल बलूनी की थी। रक्षा राज्यमंत्री राजनाथ सिंह ने तो चुनाव प्रचार में उन्हें मंत्री बनाने के संकेत भी दिए थे, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने कैबिनेट के लिए टम्टा को चुना है। कुमाऊं मंडल की अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार चुनाव जीते अनुभवी अजय टम्टा को मोदी कैबिनेट में हिस्सा बने हैं । 2014 में जब टम्टा पहली बार निचले सदन के लिए चुने गए थे, तो उन्हें मोदी मंत्रिमंडल कपड़ा राज्यमंत्री बनाया गया था। सियासी जानकारों का मानना है कि अजय टम्टा को कैबिनेट में स्थान देकर केंद्रीय नेतृत्व ने जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधने का प्रयास किया। टम्टा को सुरक्षित सीट का प्रतिनिधित्व करने का भी लाभ मिला। जानकारों के मुताबिक, टम्टा को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की नजदीकी का भी लाभ मिला। धामी भी टम्टा के संसदीय क्षेत्र की चंपावत विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते हैं। लोकसभा चुनाव प्रचार में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऋषिकेश आए थे, तो उन्होंने देवभूमि के लोगों से पांच कमल मांगे थे। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, टम्टा को क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों का लाभ मिला। वर्तमान में कुमाऊं क्षेत्र से पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री हैं और क्षत्रिय हैं। उनके मंत्रिमंडल में कुमाऊं से दो कैबिनेट मंत्री हैं। गढ़वाल से भाजपा की कमान ब्राह्मण चेहरे महेंद्र भट्ट के हाथों में हैं। भट्ट अब राज्यसभा सदस्य भी हैं। ओबीसी का प्रतिनिधित्व राज्यसभा सदस्य कल्पना सैनी और वैश्य समाज का राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल करते हैं। दोनों ही सांसद गढ़वाल मंडल से हैं। धामी मंत्रिमंडल में सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, डॉ. धन सिंह रावत गढ़वाल मंडल का प्रतिनिधित्व करते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण भी गढ़वाल से ही हैं। इस लिहाज से केंद्रीय नेतृत्व ने कुमाऊं मंडल के दलित चेहरे को मौका दिया।

## अल्मोड़ा से जीत की हैट्रिक लगाकर बनाया नया रिकार्ड

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा संसदीय सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने वाले अजट टम्टा चौथे नेता बने हैं। इससे पहले यह रिकार्ड कांग्रेस के जंग बहादुर बिष्ट, पूर्व सीएम हरीश रावत और भाजपा के बची सिंह रावत के नाम दर्ज था। लोकसभा चुनाव में अजय की लगातार तीसरी जीत ने उनका कद बढ़ाने का काम किया है और वह एक कुशल राजनीतिज्ञ की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। लगातार तीसरी बार सांसद चुने गए अजय टम्टा ने 23 वर्ष की उम्र में राजनीति की शुरुआत की। अब 52 वर्ष की उम्र में ऐसा राजनीतिक मुकाम हासिल किया, इसकी हर तरफ चर्चा है। अपने अब तक के राजनीतिक जीवन में उन्होंने नौ बार चुनाव लड़ा और छह में जीत दर्ज कर अपने को राजनीति में स्थापित किया। वर्ष 1996 में जिला पंचायत सदस्य के रूप में उनकी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत हुई। इसी वर्ष वह जिला पंचायत उपाध्यक्ष चुने गए। वर्ष 1999 से 2000 तक जिला पंचायत अध्यक्ष रहे और तब उन्होंने सबसे कम उम्र का जिपं



अध्यक्ष बनने का रिकार्ड बनाया। 2002 में सोमेश्वर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें जीत नहीं मिली। 2007 में भाजपा के टिकट पर फिर से विस का चुनाव लड़ा और देहरादून पहुंचे। 2009 में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा लेकिन जीत की दहलीज तक पहुंचने से चूक गए। 2012 में सोमेश्वर सीट से ही विधानसभा तक का सफर तय किया। पार्टी ने वर्ष 2014 में उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में उतारा इस पर वह खरे उतरे। 2019 के लोकसभा चुनाव में रिकार्ड मतों से लगातार दूरी जीत दर्ज की। 20024 के चुनाव में भी परिणाम उनके और पार्टी के पक्ष में आए हैं और इस सीट पर वह जीत की हैट्रिक लगाने वाले तीसरे सांसद बने हैं।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विकास का नया अध्याय लिखने को तैयार: धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल हेतु अनंत शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि माननीय प्रधानमंत्री जी का तीसरा कार्यकाल 'विकसित भारत'



के निर्माण की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ने वाला स्वर्णिम काल होगा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन कर उभरेगा और देशवासियों की आशाओं व आकांक्षाओं को पूर्ण करने में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत विकास का नया अध्याय लिखने को तैयार है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड से अल्मोड़ा संसदीय सीट से सांसद अजय टम्टा को कैबिनेट में शामिल करने पर शभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि सांसद अजय टम्टा राज्य के विकास के लिए महत्वपर्ण भूमिका निभायेंगे। सीएम धामी ने कैबिनेट एवं राज्य मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी माननीयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल के सभी सम्मानित सदस्य विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।

## भवन की छत का मलवा गिरने से युवक की मौत

हल्द्वानी। हल्द्वानी के जमरानी कॉलोनी दमुवाढूंगा में सरकारी बिल्डिंग तोड़ने के दौरान दानीबंगर गौलापार निवासी एमए के छात्र के ऊपर लिंटर गिर गया। इससे वह गंभीर घायल हो गया। जेसीबी की मदद से उसे निकाला गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दानीबंगर गौलापार निवासी विक्रम सिंह बिष्ट (24) के परिवार की आर्थिक हालत खराब है। वह दानीबंगर अपने पिता डूंगर सिंह बिष्ट, मां भगवती देवी और छोटे भाई हर्षित के साथ रहता था। पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए वह मजदूरी करता था। परिजनों के मुताबिक तीन दिन पहले उसने दमुवाढूंगा स्थित जमरानी कॉलोनी के सरकारी आवास गिराने का ठेका लिया था। रविवार की सुबह सात बजे वह अपने चचेरे भाई वीरेंद्र और साथी हरीश के साथ काम पर गया था। तीनों दो मंजिला भवन को गिरा रहे थे। तभी 12:30 बजे वह खाना खाने के लिए नीचे जाने लगे। आकाश और वीरेंद्र पहले निकल आए। कुछ ही देर बाद दो मंजिला भवन की छत गिर गई। उधर, विक्रम इसके नीचे दब



गया। चीख और छत गिरने की आवाज सुनकर वीरेंद्र और हरीश के साथ अन्य लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने मशक्कत के बाद करीब एक बजे घायल विक्रम को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला और निजी गाड़ी से एसटीएच लेकर पहुंचे, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची मेडिकल चौकी पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया। छत गिरने के दौरान विक्रम छत के नीचे दब गया। इस दौरान काम कर रहे अन्य मजदूर बल्ली लेकर उसे बचाने आए, लेकिन बल्ली से छत नहीं उठी। इसके बाद जेसीबी से छत को उठाकर उसे निकाला गया। स्थानीय निवासी यतिन पांडे ने कहा कि ठेकेदार वहीं मौजूद था। उसे पता था कि छत बल्ली से नहीं उठ सकती है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार उसे वहां से निकालने के बाद भी अपनी गाड़ियों में अस्पताल नहीं ले गए। जब लोगों ने आक्रोशित होकर हंगामा शुरू किया तब जाकर ठेकेदार अपने वाहन से घायल को अस्पताल लेकर गया। लोगों का आरोप है कि समय से विक्रम को इलाज मिल जाता ता उसकी जान बच सकती थी। विक्रम सिंह बिष्ट उर्फ वकील पढ़ाई के साथ-साथ मजदूरी करता था। उससे वह अपनी पढ़ाई का खर्च निकालता था। वह एमबीपीजी कॉलेज में एमए तृतीय वर्ष का छात्र था। साथ ही छात्रसंघ चुनाव लड़ने की तैयारी भी कर रहा था। मेडिकल चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव मोर्चरी भिजवा दिया है।

## अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर लगाई छबील

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिख धर्म के पांचवें गुरू अर्जुन देव जी महाराज जी के शहीदी दिवस पर आज गुरूद्वारा गुरूसिंह सभा गोल मार्केट प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरूद्वारे के समक्ष छबील लगाकर राहगीरों को मीठे जल का वितरण किया गया। इस अवसर पर गुरूद्वारा में विशेष धार्मिक दीवान भी सजाया गया। जिसमें कविशरों, कथा वाचकों एवं रागी जत्थों ने गुरू की महिमा का गुणगान कर सभी से गुरू के बताये आदर्शों पर चलने का आहवान किया। छबील में मीठा जल वितरित करने की सेवा में बाबा सुलक्खन सिंह, गुरमीत सिंह, इन्द्रजीत सिंह, मंजीत सिंह, चरनजीत सिंह, हरमोल सिंह,



दलजीत सिंह, गुरवचन सिंह, गुरवीर सिंह,कुलवंत सिंह आदि सहयोग प्रदान किया। इस दौरान गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, सेकेट्री मनजीत सिंह मक्कड़, मीत प्रधान सतनाम सिंह हुंडल, प्रीतम सिंह चावला, मीत सेकेट्री परविन्दर सिंह पम्मा, गुरमीत सिंह बठला, पूर्व प्रधान सुरमुख सिंह विर्क, कैशियर हरविन्दर सिंह, रशपाल सिंह, गुरमीत सिंह बठला, जसवीर सिंह मंड सहित भारी संख्या में संगत मौजूद रही।

## न्याय के लिए चार दिन से भटक रहे दंपत्ति

### हमलावरों के खिलाफ पुलिस ने नहीं कर रही रिपोर्ट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा क्षेत्र में दो पक्षों के विवाद के दौरान बीच बचाव के लिए पहुंचे वृद्ध को दबंगों ने लाठी डण्डें से बुरी तरह पीट दिया। हमले में घायल पीड़ित को लेकर उसकी पत्नी चार दिन से पुलिस चौकी के चक्कर काट रही है लेकिन पुलिस उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रही। रम्पुरा वार्ड नं. 22 निवासी लौंगश्री पत्नी राम सिंह का कहना है कि 5 जून को मुहल्ले में दो पक्ष आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। जब उसके पति राम सिंह ने बीच बचाव कर दोनों पक्षों को शांत करने का प्रयास किया तो उक्त लोगों ने राम सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी और राम सिंह को डण्डो से बुरी तरह से मारा पीटा जिससे उसके हाथ, पैर सहित शरीर के अन्य अंगों में चोट आयी है। हमलावरों ने राम सिंह को जान से मारने की धमकी भी दी है। मामले में हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए चार दिन से पीड़ित और उसकी पत्नी रम्पुरा चौकी के चक्कर काट रहे हैं लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।



# तीसरी बार मोदी सरकार के गठन पर मनाई खुशियां

रूद्रपुर/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान के नेतृत्व में भाजपाईयों ने भाजपाइयों ने मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई। रविवार को नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर भाजपाईयों में खुशी की लहर दौड़ गयी। इस मौके पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा और भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कार्यकर्ताओं के साथ भगत सिंह चौक पर जश्न मनाते हुए मिष्ठान वितरित किया। इस दौरान रामपाल सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रचा है। उनके जैसा प्रधानमंत्री मिलना सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में तरक्की की है। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी सरकार बनने से देश दुनिया में तरक्की के नये आयाम स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार शपथ लेने से पहले ही 100 दिन का रोडमैप तैयार कर लिया है। प्रधानमंत्री पहले ही ऐलान कर चुके हैं इस बार देश हित में और भी बड़े फैसले होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर जिस तरह से देश की जनता ने भरोसा किया है, इस भरोसे पर एनएडीए सरकार पूरी तरह खरा उतरेगी। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को एक अलग पहचान मिली है और तीसरी बार में देश की अर्थ व्यवस्था, गरीब कल्याण, मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया जैसी योजनाओं को और भी गति मिलेगी जो देश की उन्नति के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। भाजपा नेता अनिल चौहान ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने के साथ ही नरेन्द्र मोदी ने पंडित नेहरू के लगातार तीन बार पीएम पद की शपथ लेने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। प्रधानमंत्री ने पहले ही मंत्री मण्डल के संभावित सहयोगियों की बैठक में स्पष्ट कर दिया है कि वे शासन पर ध्यान दें और 100 दिन के रोडमैप को जमीन पर उतारें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तीसरा कार्यकाल भी पूर्व की तरह ऐतिहासिक होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश मंडल, अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, रश्मि रस्तोगी, हिमांशु शुक्ला, ममता त्रिपाठी, आशा मुंजल, सुभाषनी द्विवेदी, ममता पांडेय, सुनील ठुकराल, राधेश शर्मा, राजेश जग्गा, राजेश गर्ग,निमित्त शर्मा, परवेज खान ,संजीव गुप्ता, मनोज मदान, पारस चुघ,जितेंद्र संधू, विजय तोमर, भीमसेन गुप्ता, छत्रपाल राठौर, ललित राठौर, शिवकुमार शिबू, संजय हालदार, शैलेंद्र रावत, प्रमोद शर्मा, अजीत सक्सेना, संघर्षन मिश्रा, गौरव कुशवाहा,आयुष तनेजा, जतिन नागपाल, राजेंद्र राठौड़, नवीन पांडेय, एमपी मौर्य, कैलाश राठौड़ डीके गंगवार, ठाकुर जगदीश सिंह, ज्ञान सिंह चौहान, देवेंद्र मलिक, देव मियां, सतपाल गंगवार आदि मौजूद रहे। **हल्द्वानी–** एनडीए की केंद्र में सरकार बनने तथा नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर रामपुर रोड देवल चौड़ चौराहा पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी छोड़ी और एक दूसरों को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मुखानी मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष राजेंद्र नेगी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका जीना, प्रदेश संयोजक मछुआरा प्रकोष्ठ उत्तराखंड महेंद्र कश्यप, एसी मोर्चा जिला अध्यक्ष भूवन आर्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहन पाठक, नगर महामंत्री संतोष जयसवाल, वीरपाल सिंह, मंडल महामंत्री दशरथ साहू, नगर निगम पार्षद अमित बिष्ट, राजेश पंत, मनोज खोलिया, राजेश जायसवाल और बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# गुरमति ज्ञान समर कैम्प में बच्चें सीख रहे दस्तार सजाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा, गोल मार्केट में गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित गुरमति ज्ञान समर कैम्प बच्चों को पंजाबी व गुरमुखी भाषा का ज्ञान देने के साथ ही सिख धर्म के गुरू साहिबान के इतिहास का ज्ञान दिया जा रहा है वहीं बच्चों को प्रशिक्षकों द्वारा दस्तार सजानी भी सिखाई जा रही है। जिससे बच्चे काफी उत्साहित दे रहे हैं। कैम्प में दस्तार सजाना सिखा रहे जसपाल सिंह, प्रभजोत सिंह व हरमनदीप सिंह ने बताया कि सिख धर्म में दस्तार बांधने का विशेष महत्व है। सिख धर्म से जुड़ा हर व्यक्ति दस्तार अवश्य सजाता है। वहीं बीबीयां अपने सिर को चुन्नी से ढ़कती हैं। उन्होंने बताया कि कैम्प में बच्चे अपने सिर पर दस्तार सजाने के लिए काफी उत्सुकता दिखा रहे हैं। उन्हें दस्तार सजाने की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। ताकि अच्छी तरह से दस्तार सजाई जा सके। प्रशिक्षण देने के बाद बच्चों से स्वयं भी दस्तार सजाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें उनकी मदद की जा रही है। कैम्प के अंतिम दिन दस्तार सजाओं प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। जिसके विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा। वहीं आयेजित कैम्प में भाई गुरजीत सिंह, सरबजीत सिंह, अमरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, कंवलजीत कौर, रेशम सिंह, रंजीत सिंह, करनदीप सिंह, रविन्दर सिंह, कमलजीत कौर, मनमीत कौर, तलविन्दर कौर, सुरेखा छावड़ा,ओमकार सिंह, करन प्रीत सिंह द्वारा पंजाबी व गुरमुखी भाषा का ज्ञान देने के साथ ही सिख धर्म के गुरू साहिबान के इतिहास का ज्ञान कराया जा रहा है। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, सेकेट्री मनजीत सिंह मक्कड़, मीत प्रधान सतनाम सिंह हुंडल, प्रीतम सिंह चावला, मीत सेकेट्री परविन्दर सिंह पम्मा, गुरमीत सिंह बठला, पूर्व प्रधान सुरमुख सिंह विर्क, कैशियर हरविन्दर सिंह, रशपाल सिंह,गुरमीतसिंह बठला, जसवीर सिंह मंड, गुरूद्वारा प्रबंधक कुलवंत सिंह,गुरवीर सिंह आदि मौजूद थे।





# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर लापता

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। खेड़ा वार्ड नं. 18 क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोर लापता हो गया। परिजनों ने कई जगह उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। रम्पुरा चौकी को सौंपी तहरीर में मूल रूप से गणेश नगर गली नम्बर 3 बरेली निवासी एवं हाल निवासी खेड़ा वार्ड न0 18 रुद्रपुर वेद राम पाल पुत्र गंगा राम पाल ने बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र आदित्य पाल 27 मई को शाम 7:30 से गायब है। परिवारजनों ने सभी संभावित स्थानों पर उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। वेदराम ने पुलिस से बालक का पता लगाने की गुहार लगायी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है।



# श्री अग्रवाल सभा के नीरज अध्यक्ष व मनोज महामंत्री बने

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री अग्रवाल सभा हल्द्वानी की वार्षिक बैठक का आयोजन हिंदू धर्मशाला हल्द्वानी में किया गया। जिसकी अध्यक्षता श्री अग्रवाल सभा अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने और संचालन महामंत्री राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने किया। बैठक में कोषाध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा वर्ष 2023 ; 24 का लेखा जोखा और अपने कार्यों को बताया गया। इसके पश्चात श्री अग्रवाल सभा हल्द्वानी के वार्षिक चुनाव संपन्न हुए जिसमें सर्वसम्मति से नीरज प्रभात गर्ग को अध्यक्ष, महामंत्री मनोज कुमार अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल बनाए गए। संरक्षक मंडल के भगवान सहाय अग्रवाल, कैलाश चंद्र अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, सुशील बंसल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी और अग्रवाल सभा के लिए भविष्य में अच्छे कार्य करने की प्रेरणा दी। बैठक में युवा समिति अध्यक्ष विपुल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, अजय कुमार अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल, संजय गोयल आदि समस्त अग्रवाल सभा के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।



# खटीमा गुरुद्वारा सत सिंह सभा के हरभजन सिंह बने अध्यक्ष

खटीमा(उद संवाददाता)। खटीमा की गुरुद्वारा श्री सत सिंह सभा के अध्यक्ष पद के चुनाव में संगत ने सर्वसम्मति से हरभजन सिंह खेड़ा को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष को संगत ने सरोपा भेंट कर स्वागत किया। नवनियुक्त अध्यक्ष बने हरभजन सिंह ने कहा कि खटीमा गुरुद्वारे में संगत के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त करेंगे और संगत को अधिक से अधिक गुरुद्वारे के साथ जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही छोटे बच्चों के लिए गुरुमुखी की शिक्षा को प्राथमिकता के साथ शुरू किया जाएगा । अधिक से अधिक लोगों को गुरुमुखी भाषा के साथ जोड़ा जाएगा। श्रद्धालुओं के ठहरने तथा लंगर की उचित व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान बलदेव सिंह पूर्व प्रधान, पूर्व खटीमा गुरुद्वारा प्रधान कुलवंत सिंह, हरजीत सिंह, राज कपूर, जसविंदर सिंह बाजवा, जगतार सिंह, नरेंद्र सिंह, जनक सिंह, कुलदीप सिंह गंभीर, अमरजीत सिंह, सुरजन सिंह, दिलीप सिंह, अमरजीत सिंह, हरगोबिंद सिंह, जगजीत सिंह माली, गुरदेव सिंह खिंडा, करनैल सिंह खिंडा, गुरपाल सिंह खिंडा, विजय अरोरा, हरीश बत्रा, सहित अन्य सिख संगत उपस्थित रही। उधर उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा ने हरभजन सिंह को गुरुद्वारा सिंह सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष चुने जाने के निर्णय का स्वागत किया। उम्मीद जताई कि गुरुद्वारा सिंह सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष सरदार हरभजन सिंह पुरानी एवं नई कमेटी को साथ लेकर गुरु घर की सेवा करने का काम ईमानदारी एवं निष्ठा से करेंगे।



# सुवर्णप्राशन संस्कार शिविर में बच्चों को दी पोषण खुराक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद, विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर द्वारा श्री दूधिया बाबा कन्या छात्रावास में एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छात्रावास के बच्चों को सुवर्णप्राशन संस्कार के अंतर्गत खुराक दी गई। सुवर्ण प्राशन संस्कार नवजात शिशु से लेकर 16 वर्ष तक के बालक बालिकाओं को स्वर्ण भस्म, घृत, शहद आदि मिश्रित दो बूंद खुराक के रूप में दिया जाता है।प्रतिमाह पुष्य नक्षत्र के अवसर पर जो कि लगभग 27 दिन बाद आता है यह खुराक दी जाती है।भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा ने सुवर्ण प्राशन संस्कार को मासिक प्रकल्प के रूप में विगत दिसंबर माह से प्रारंभ किया है। गरीब बस्तियों में जिन विद्यालयों में बच्चे कमजोर व गरीब तबके से हैं उन विद्यालयों में शाखा की ओर से यह खुराक प्रतिमाह नि:शुल्क दी जाती है।उत्तराखण्ड (पूर्व) प्रान्त की 20 शाखाओं में केवल विवेकानन्द शाखा ही ये शिविर आयोजित करती है। अब तक गाँधी कॉलोनी, रम्पुरा, जगतपुरा स्थित सेवा भारती द्वारा संचालित 4 विद्यालयों व श्री दूधिया बाबा कन्या छात्रावास में ये खुराक बच्चों को दी जा चुकी है। सुवर्ण प्राशन संस्कार में दी जाने वाली खुराक से बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है, उनका मानसिक विकास होता है व उन्हें बीमारियों से लड़ने में सहायता करती है। आज 72 बच्चों को ड्रॉप्स दी गई। यह खुराक कक्कड़ हेल्थ केयर के डॉक्टर पवन कक्कड़ के सहयोग से दी गई। छात्रावास संचालिका प्रेमा दीदी, संयोजक भारत को जानो संजय खेड़ा ने सहयोग किया।



# नाले की सफाई न होने से इंद्रा नगर वासियों में आक्रोश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंदिरा नगर बरसाती नाले की सफाई न होने से क्षेत्र वासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह नाला जो रेलवे क्रॉसिंग गोला गेट की ओर जाता है। सफाई न होने के कारण उस गंदे नाले का पानी, मलवा, मिट्टी और गंदगी नाला बंद होने के कारण गंदा पानी, कूड़ा, मिट्टी यहां के आसपास के घरों में घुस गया। कई हफ्तों से यहां के निवर्तमान पार्षद फाईम जेबा सलमानी और पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी द्वारा नगर निगम प्रशासन को पूर्व में भी अवगत कराया था। हल्की बरसात होने पर भी नाले का गंदा पानी, मलवा, मिट्टी लोगों के घरों में घुस सकता है। पर नगर निगम के अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। शकील अहमद के नेतृत्व में विधायक सुमित हृदेश से मिलकर नाले की सफाई करने की मांग कर चुके हैं। विधायक ने नगर आयुक्त को 5 जून को अपना एक पत्र देकर इंदिरा नगर बरसाती नाले की सफाई करने के निर्देश दिए ।परंतु नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा नाले का कूड़ा नहीं निकाला गया। नाले की पूरी तरह से सफाई नहीं हुई। इस कारण आज नाले के आसपास के मकान में नाले का गंदा पानी और गंदगी भी घरों में घुस गई। यहां के लोगों का आरोप है कि नगर निगम द्वारा नाले की सफाई नहीं की जा रही। यहां पर गंभीर बीमारी फैलने की आशंका बनी है। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने नगर निगम स्वास्थ्य विभाग को चेतावनी देते हुए कहा अगर जल्दी नाले की सफाई ना हुई तो आम जनता को साथ लेकर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के विरुद्ध आंदोलन करेंगे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मोदी का तीसरा कार्यकाल

एनडीए की नई सरकार के प्रधानमंत्री और मंत्रीमंडल के सदस्यों ने शपथ ग्रहण कर सरकार की बागडोर संभाल ली है। नई सरकार के गठन के बाद देशवासियों में नई उम्मीदें हैं और सरकार के समक्ष कई बड़ी चुनौतियां भी बेशुमार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली दो सरकारों में भाजपा अकेले बहुमत के पार थी। इस बार जबकि राजग लगातार तीसरी बार सत्ता में आई है, भाजपा की घटक दलों पर निर्भरता है, उनके साथ तालमेल बनाकर चलने की चुनौती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना तीसरा कार्यकाल समझौतावादी जनादेश के साथ शुरू किया है। नतीजतन, मोदी के 72 सदस्यीय नए मंत्रिमंडल में भाजपा के सहयोगियों के 11 मंत्री हैं। साथ ही, देश को मजबूत विपक्ष मिला है। नीतियों को लागू कराने के दौरान सरकार को विपक्ष को साथ लेकर चलना होगा। मजबूत विपक्ष सामने है। इससे विपक्ष और असहमति जताने वाली आवाजों को कुछ राहत मिलेगी। सत्ता और विपक्ष ख्र दोनों के लिए आगे का रास्ता अवसरवादी जोड़-तोड़ की राजनीति नहीं, बल्कि आम लोगों की उम्मीदों और संघर्षों में निहित राजनीति होनी चाहिए। इस स्थिति ने संयमित प्रशासन की उम्मीद जगाई है। राज्यों में प्रभावी दलों के साथ सत्ता साझा करने से मोल-भाव की गुंजाइश बढ़ जाती है। लेकिन देश के सामने मोदी की सत्ता की मूल प्रकृति सामने है, जो फैसलों में दृढ़ संकल्प वाली है। गठबंधन धर्म इस प्रकृति को लेकर एक गहन विश्लेषण की मांग करेगा। गठबंधन सहयोगियों की राज्य स्तरीय राजनीति के नजरिए से देखा जाए तो कम से कम अगले चरण के विधानसभा चुनावों तक तस्वीर मोदी के पक्ष में है। तेलगुदेसम पार्टी अपने राज्य में आराम से बैठी है। जद (एकी) को अगले साल विधानसभा चुनावों तक सत्ता में बने रहने के लिए भाजपा की जरूरत है। लोजपा के चिराग पासवान और फिर से उभर रहे राजद की चुनौती सामने है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे भाजपा के दम पर मुख्यमंत्री बने हुए हैं। जद (सेकु), रालोद और राकांपा जैसे अन्य गठबंधन सहयोगी अपने फायदे के लिए सौदेबाजी से परे कोई प्रभाव नहीं डाल सकते। देश में बीते तीन दशकों के आर्थिक उदारीकरण के दौर में लोगों की आकांक्षाओं में वृद्धि हुई है। बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार के कार्यक्रमों ने इस वास्तविकता को स्वीकार किया है। विकसित भारत का नारा लोगों के सामने है। लेकिन यह हकीकत भी है कि बुनियादी ढांचे के निर्माण, नए रोजगार पैदा करने, कौशल विकास और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर करने जैसे काम अभी शुरू ही हुए हैं। कई मोर्चों पर नीतियां अभी तय हुई हैं। जाहिर है, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियां बड़ी हैं। सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था के अधिकांश बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेजी से बढ़ने की बात रखी है। इसका चिंताजनक पहलू यह भी है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था अन्य क्षेत्रों में विकास के साथ कदम मिलाकर नहीं चल पा रही है। मनरेगा योजनाओं पर निर्भरता भी बढ़ी है। स्पष्ट है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सेहत को बहाल करना ही होगा और बुनियादी स्तर पर ही बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। जाहिर है, जनप्रतिनिधियों को चुन कर संसद में भेजने वाला मतदाता उम्मीद करेगा कि लोकतांत्रिक ढांचे में सभी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे। बिना किसी राग और द्वेष, भय एवं पक्षपात के।

## पीएम मोदी के शपथ समारोह में शामिल हुए विवेकदीप सिंह

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के पद पर शपथ ग्रहण करने पर दिए गए निमंत्रण पत्र में किच्छा ने भी अपना स्थान बनाया है। भारतीय जनता पार्टी के भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने भी राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करके क्षेत्र का मान बढ़ाया है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के अवसर पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री द्वारा उन्हें भी शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित होने का पत्र प्राप्त हुआ था जिसके चलते उन्होंने नवनिर्वाचित सांसद



एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं मंत्री उत्तराखंड सरकार धन सिंह रावत वह भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक रावत के साथ मिलकर शपथ ग्रहण समारोह में सहभागिता की। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने कहा है कि वे नगर के विकास के लिए लगातार केंद्र सरकार उत्तराखंड सरकार के संपर्क में बने हुए तथा नगर के लिए विभिन्न विकास योजनाओं हेतु प्रयास रत है। इसी क्रम के चलते शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किए जाने पर उन्हें बहुत खुशी हुई है।

## नदी में नहाने गये गाजियाबाद के पर्यटक की डूबने से मौत

देहरादून। कोतवाली क्षेत्र में ओशो आश्रम के पास यमुना में नहाते समय गाजियाबाद का पर्यटक डूब गया। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाकर उसे अचेत अवस्था में नदी से बाहर निकाला। आनन-फानन में उसे अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को यूपी के गाजियाबाद से 13 दोस्तों का एक दल विकासनगर घूमने आया था। सभी ओशो आश्रम के पास नहाने के लिए यमुना नदी में उतर गए। वे एक दूसरे का हाथ पकड़कर नहा रहे थे। इस बीच गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी मृणाल (19) पुत्र सुरेंद्र कुमार का हाथ छूट गया। वह गहरे पानी में चला गया। जब तक दोस्त कुछ सोच पाते वह नजरों से ओझल हो गया। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है।

# गठबंधन बनाम क्षेत्रीय दलों की राजनीति में उभार

जिस तरह से शक्ति और सत्ता राजनीति के आधारभूत सिद्धांत माने जाते हैं,उसी तरह राजनीति से यह मान्यता भी जुड़ी है कि राजनीति में वही आगे बढ़ते हैं,जो अवसर का लाभ उठाकर उसे भुनाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी के लिए गठबंध की राजनीति के बीते दस साल में लगभग यही पर्याय रहे हैं। बीते सालों में महाराष्ट्र और हरियाणा में भाजपा-शिवसेना, अकाली दल और इनेलो से दशकों से चले आ रहे गठबंधनों का टूटना इन्हीं आशयों के परिणाम थे। लेकिन अब आए चुनाव परिणामों ने अकेली भाजपा को 240 सीटों पर सिमटा दिया। भाजपा स्पष्ट बहुमत से 32 सीटें पीछें रह गई। हालांकि उसके नेतृत्व वाले राजग गठबंधन के पास 291 सीटें हैं। अतएव राजग बहुमत में है। लेकिन भाजपा खुद 272 सीटें लाई होती तो उसकी पूर्व की तरह ठसक बनी रहेती। बावजूद नरेंद्र मोदी नेहरू के बाद ऐसे अकेले प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें मतदाता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने रहने का जनादेश दिया है। यह करिश्मा 62 साल बाद हुआ है। लेकिन अब पेंडुलम की तरह लटकी भाजपा को 16 सीटें जीतने वाले चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और 16 सीटें जीतने वाली नीतीश कुमार की जदयू से पूरे पांच साल वैसाखियों का सहारा लेना पड़ेगा। ये दोनों दल किंगमेकर की भूमिका में आ गए है। इन और अन्य सहयोगी दलों के साथ भाजपा तीसरी बार केंद्र में सत्तारूढ़ होने जा रही है। शक्ति अर्थ की हो या राजनीतिक सत्ता की, जब वह उम्मीद से ज्यादा हाथ लग जाती है तो महत्वाकांक्षाएं बेलगाम होने लगती हैं। लिहाजा 2014 और 2019 की अप्रत्याशित जीत के बाद भाजपा की जहां महत्वाकांक्षा बढ़ी, वहीं आत्मविश्वास प्रबल हुआ। नतीजतन नरेंद्र-अमित की युगल जोड़ी ने भाजपा को गठबंधन से मुक्ति के पंखों पर सवार कर दिया था। भाजपा चाहने लगी थी कि यदि राजनीतिक पहुंच वाले राज्य में उसकी अकेले दल के रूप में पकड़ मजबूत होगी तो वह कालांतर में गठबंधन की लाचारी से मुक्त होती चली जाएगी। इसी धारणा के चलते उसने अपने सबसे पुराने सहयोगी शिवसेना और अकाली दल से नाता तोड़ लिया था। दरअसल भाजपा की जो राजनीति, संस्कृति और कार्यशैली है,कमोवेश वही शिवसेना की है। दोनों उग्र हिंदुत्व और राष्ट्रीय सांस्कृतिक एकात्मवाद के अनुयायी हैं। लेकिन भाजपा गठबंधन में सहयोगी रहे जिस राज्य में भाजपा को सबसे बड़ा झटका लगा है, उसमें महाराष्ट्र प्रमुख है। 2014 और 2019 में महाराष्ट्र की 48 सीटों में से भाजपा-शिवसेना को 41 सीटें मिली थीं। 2019 के विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत के बावजूद मुख्यमंत्री पद को लेकर दोनों दलों में बिगड़ गई। इसी के साथ राज्य की राजनीति में बदलाव आ गया। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस-एनसीपी के साथ मिकर सरकार बनाई तो भाजपा ने शिवसेना में विभाजन कर सरकार गिरा दी और एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनवा दिया। यही नहीं एकनाथ शिंदे की ही शिवसेना को असली होने का दर्जा मिल गया। साथ ही शरद पवार की एनसीपी के भी दो टुकड़े कर दिए। भतीजे अजीत पवार ने चाचा की पार्टी छीन ली। हालांकि यह कदम उल्टा पड़ा। उद्धव और शरद पवार ने मराठी अस्मिता को मुद्दा बनाया और मतदाता की सहानुभूती बटोरने में सफल रहे। अब यहां सबसे ज्यादा 13 सीटें जीतकर कांग्रेस बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। शिवसेना- उद्धव को 9,



एनसीपी-शरद को 7 सीटें मिली हैं। भाजपा को दस सीटों पर संतोष करना पड़ा है। चूंकि इस चुनाव में अजीत पवार को मात्र एक सीट मिली है। इससे उनकी नेतृत्व क्षमता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। महाराष्ट्र में इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव के इन नतीजों का असर विधानसभा चुनाव पर भी दिखाई दे सकता है ? अतएव महाराष्ट्र में अब कांग्रेस, एनसीपी-शरद और शिवसेना उद्धव के एक साथ आने से महाविकास अघाड़ी की ताकत बढ़ गई है, जो भाजपा को महंगी पड़ सकती है। आंध्र प्रदेश में भाजपा के सहयोगी तेलगु देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने 16 सीटों पर जीत हासिल की है। आंध्र प्रदेश में हुए विध ानसभा चुनाव में भी नायडू को सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत मिल गया है। नायडू ने कह भी दिया है कि आंध्रप्रदेश की जनता ने राजग के साथ हमारे गठबंधन पर भरोसा करके हमें बड़ी जीत दिलाई है। हम राजग के साथ है। साफ है, नायडू केंद्र सरकार में अपने सांसदों को मंत्री बनाकर भाजपा को ताकत देते रहेंगे। इधर बिहार में राजग गठबंधन ने बड़ी संख्या में सीटें हासिल करके लालू और तेजस्वी यादव को आईना दिखा दिया है। यहां चालीस सीटों में से 12 जदयू, 12 भाजपा, और पांच लोजपा ने जीती हैं। अतएव कहा जा सकता है कि चुनाव से पहले नीतीश कुमार के जदयू को साथ लाकर बड़े नुकसान से बच गई। बिहार के इन परिणामों से गठबंधन की महिमा को स्थापित किया है। जदयू नेता केसी त्यागी का कहना है कि चुनाव पूर्व राजग से गठबंधन को लेकर हमारी जो प्रतिबद्धताएं हैं, वे बनी रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीतीश और नायडू को अच्छी जीत के लिए बधाई दे दी है। दस साल बाद इस चुनाव में एक बार फिर क्षेत्रीय मुद्दों और क्षेत्रीय दलों का प्रभाव दिखाई दिया है। क्षेत्रीय दलों की राजनीतिक ताकत स्थानीय मुद्दे और जातीयता होती है। देश के सबसे ज्यादा संसदीय 80 सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में मायावती, मुलायम सिंह और अखिलेश यादव को जब भी सत्ता का सुख मिला है, उसमें यही राजनीति के गुण शामिल रहे हैं। यही सब दक्षिण भारत के राज्यों में क्षेत्रीय क्षत्रपों का दबदबा देखने में आया। तमिलनाडु में स्टालिन की द्रमुक ने इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर राज्य की सभी 39 सीटों पर जीत दर्ज करा ली है। आप के साथ मिलकर कांग्रेस ने पंजाब में सभी 10 सीटें इंडिया गठबंधन के खाते में डलवा दी। पश्चिम बंगाल की क्षेत्रीय नेता ममता बनर्जी ने अपने जादू को बनाए रखा है। तृणमूल ने महिला और मुस्लिम मतदाताओं को साधकर 30 सीटों पर सफलता प्राप्त की। जबकि उसकी 2019 में 22 सीटें थीं। भाजपा को यहां 2019 में जीतीं 18 सीटों की तुलना में 2024 में 11 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। ममता ने बंगाल में इंडिया के साथ कोई गठबंध न भी नहीं किया था। वे अकेली चलीं और उन्होंने भाजपा के सीएए एवं संदेशखाली के मुद्दों को नाकाम कर दिया। तय है, ममता आगे भी क्षेत्रीय क्षत्रप बनी रहेंगी। वे अब सीएए और एनआरसी का भी संसद में अपने सांसदों से मुखर विरोध कराएंगी। भाजपा के चर्चित चेहरे सुरेश गोपी ने केरल में जीत दर्ज कराकर एक बड़ी कामयाबी दर्ज की है। भाजपा स्पष्ट बहुमत में जरूर नहीं है, लेकिन उसने अपनी पार्टी का विस्तार करते हुए ओडिशा में जबरदस्त दस्तक दी है। नवीन पटनायक के 24 साल से चले आ रहे राज को खत्म करके भाजपा ने जता दिया है कि वे पार्टी के देशव्यापी विस्तार के लिए संघर्ष करती रहेंगी। ओडिशा में भाजपा को दोहरी खुशी मिली है। यहां उसने लोकसभा की 21 सीटों में से 19 सीटें जीतकर अप्रत्याशित ढंग से अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा दी है। दूसरी तरफ भाजपा को यहां हुए विधानसभा चुनाव में भी स्पष्ट बहुमत मिल गया है। विधानसभा की कुल 147 सीटों में से भाजपा ने 78 सीटों पर विजय हासिल की है। नवीन पटनायक के बीजू जनता दल को 51 सीटों पर संतोष करना पड़ा है। भाजपा की इस बड़ी जीत में यहां की मूल निवासी द्रोपदी मुर्मु को राष्ट्रपति बनाया जाना भी रहा है। नवीन पटनायक उम्रदराज होते जा रहे हैं और उन्होंने अपने दल के किसी नेता को अपने समकक्ष नहीं बनाने की बड़ी भूल की है। अतएव आगे यह पार्टी कितना चल पाएगी, कहना मुश्किल है। क्षेत्रीय क्षत्रपों में सबसे बड़ी ताकत के रूप में अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी आई है। उसने 80 सीटों में से 37 सीटें जीतकर अपनी मजबूत आमद लोकसभा में दर्ज करा दी है। यहां से अब बसपा के सूपड़ा साफ होने का लाभ भी सपा को मिला है। राम मंदिर निर्माण के बावजूद भाजपा के लिए यहां से मिलीं अप्रत्याशित पराजय ने यह तय कर दिया है कि भारत में क्षेत्रीयता और जातीयता अभी भी चुनाव में ईश्वर से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। हालांकि भाजपा ने यहां से 33 और उसके सहयोगी दलों ने छह सीटें जीती हैं। भाजपा को यहां नुकसान मुस्लिम बहुल प्रदेश होने के कारण भी उठाना पड़ा है। जबकि समाजवादी पार्टी ने गिनती के चार मुस्लिम मैदान में उतारे थे, जिनमें से तीन ने जीत हासिल की है। सपा की इतनी बड़ी जीत का कारण मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट नहीं देना भी रहा है। क्योंकि यदि मुस्लिमों को टिकट दिए होते तो उनका जीतना हिंदू वोटों के ध्रुवीकरण के चलते मुश्किल था। बहरहाल क्षेत्रीय क्षत्रपों ने रणनीतिक रूप से एक होकर जता दिया है कि क्षेत्रीयता और जातियता की राजनीति से भारत अभी मुक्त नहीं होने जा रहा है। राहुल गांधी इसे संविधान बदलने और अनुसूचित जातियों व जनजातियों को आरक्षण से बाहर करने की धार देकर भाजपा नेतृत्व वाले राजग गठबंधन की इकतरफा जीत में दीवार बनकर खड़े हो गए। गोया, अब भाजपा एक देश एक चुनाव, जनसंख्या नियंत्रण और समान नागरिक संहिता जैसे कानून नहीं बना पाई।

**प्रमोद भार्गव, लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

## दिखावे और प्रपंच से दूर रहे महान संत श्री अर्जुन देव जी

सर्वसमर्थ होते हुए भी संत कभी चमत्कार नहीं दिखाते स प्रकृति के काम में कभी दखल नहीं देते । पंचम पातशाह गुरु अर्जुन देव जी महाराज भी सर्वसमर्थ थे। जो चाहते कर सकते थे. .. लेकिन किया नहीं, बल्कि यही कहा-तेरा भाना मीठा लागै, हर नाम



पदार्थ नानक बाँगै।श्री गुरु अर्जुन देव जी को गर्म लोहे पर बैठाया गया यातनाएं देने के लिए बेरहमों ने उन पर गर्म-गर्म रेत भी डाली लेकिन उन्होंने एक बार भी 'सी' नहीं की।एक बार भी नहीं कहा ऐसा न करो।वह केवल हँसते रहे। प्रभु के भाने को स्वीकारते रहे और मालिक को याद कर मन ही मन हँसते रहे। मालिक,जैसी तुम्हारी मौज। चंदू की पुत्रवधू जैसे-तैसे गुरुदेव के पास पहुंची उन्हें गर्म 'तवे' पर बैठे देख कर उसकी आत्मा चीख उठी, मन कराह उठा गुरुदेव के शरीर पर छाले पड़े थे। जलने से घाव बन रहे थे, लेकिन गुरुदेव शान्त चित, अपने अन्तस्थ बैठे अपने मालिक की याद में खोये हुए थे। चंदू की बहु सहन नहीं कर सकी। नहीं, महाराज, मुझे कोई सेवा बख्शें। मैं देख नहीं सकती आपको इस गर्म तवे पर। उसका मन गुरुदेव की भक्ति से सराबोर था। गुरुदेव कहने लगे- बेटी, मैं तुम्हारी भावना को जानता हूं। पगली यह तो प्रभु का भाना है, जो होना है, उसे में स्पष्ट देख रहा हूं ।ये है संत, जो सब कुछ कर सकने की सामर्थ्य रखते हुए भी कुछ नहीं करना चाहते थे जो दिखावे में यकीन नहीं रखते थे जो केवल प्रभु नाम में ही आस्था रखते थे। गर्म तवे पर बैठे होने पर भी, उन्हें तवा गर्म नहीं लग रहा था यदि वह चाहते तो वह गर्म तवे पर बैठाने वालों को दण्डित कर सकते थे। उनकी इच्छा के बिना उन्हें गर्म तवे पर बैठाया ही नहीं जा सकता था । वह तो सर्वसमर्थ थे ।उनकी एक नजर से ही सृष्टि बदल सकती थी, लेकिन वह तो मालिक की मौज में ही खुश थे, इसलिए खुश रहे, प्रभु के भाने में खुश रहे। ऐसे प्रभु स्वरुप गुरुदेव के चरणों में शत-शत नमन। जैसे हम शरीर के द्वारा ढके हुए हैं, उसी प्रकार परमार्थ भी, हमारे व्यवहार में ढका हुआ है । यदि परमार्थ को देखना है, तो व्यव्हार को मत देखें। जिस प्रकार हम शरीर द्वारा ढके हुए हैं, वैसे ही शरीर कपड़ों से ढका जाता है स इसलिए व्यव्हार परमार्थ के कपड़े हैं स महापुरुषों के परमार्थ को पाना है, तो उनके व्यवहार और उपदेश को ही व्यवहार में लाना होगा। उनके उपदेशों को व्यवहार में लाने से मन की सारी मैल धुल जाती है । मन मैले, सब कुछ मैला, तन धोतियाँ, मन अच्छा न होए आज उन्हीं महापुरुषों के आदर्शों का पालन की जरूरत है। आज भी परम पुरुष के उस स्वरुप द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुकरण करने की जरूरत है लेकिन कौन सुनता है। नक्कारखाने में तूती की। गेरुए वस्त्र पहन कर, ढेर सारी मालाएं पहन कर, संत बनने वाले लोग, समाज को क्या दिशा दे रहे हैं ? वे महापुरुष तो दिखावे और प्रपंच से दूर रहे। चमत्कारों से दूर रहे। प्रभु की भक्ति में लीन रहे। नाम सिमरण में डूबे रहे। सृष्टि को बदल देने की सामर्थ्य रखने वाले, प्रभु के भाने में मस्त रहे लेकिन गेरुए वस्त्र पहनने वाले ये कुछ तथाकथित संत, प्रभु भक्ति और नाम सिमरण से कोसों दूर, दिखावे और प्रदर्शन की वस्तु बन गए हैं, क्योंकि उनका उद्देश्य धर्म का प्रचार करना कदापि नहीं, कुछ और है। आज भी गुरु अर्जुन देव जी की प्रभु भक्ति और त्याग भावना को अपनाने की जरूरत है। निरवैर भाव और निरअहंकार भाव अपनाने की जरूरत है। ऐसे महान गुरूजी को मेरा शत-शत नमन है ।

**प्रस्तुति- नरेश कुमार सेठ**

# बाबा विश्वनाथ जगदीशिला डोली यात्रा का भव्य स्वागत





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाबा विश्वनाथ जगदीशिला डोली यात्रा का गत सायं नगर में पहुंचने पर जयघोषों के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा गुरु वशिष्ठ की तपोभूमि विशोन पर्वत से शुरू होकर जिसका वर्णन केदार खंड में है तथा यहां भगवान राम तथा हम सभी के गुरु वशिष्ठ जी ने तपस्या की थी तथा व्यावहारिक वेदांत की धनी स्वामी रामतीर्थ जी ने भी इसी स्थल पर तपस्या की है। यह स्थान गढ़वाल मंडल में टिहरी जिला 11 गांव हिंडावबाबा विश्वनाथ मां जगदीशिला डोली यात्रा का शुभारंभ 16 मई को ढूंग से हुआ था। इस वर्ष यात्रा को रजत जयंती समारोह के रूप में मनाया जा रहा है।17 मई को हरिद्वार में गंगा स्नान करके उत्तराखंड के विभिन्न देवस्थलों से गुजरती हुई गत सायं यहां गल्ला मंडी पहुंचने पर स्वागत किया गया। उसके पश्चात मुख्य बाजार होते हुए गंगापुर रोड पर श्री नीलकंठ धाम शैलजा कॉलोनी में डोली का भव्य स्वागत हुआ। उसके पश्चात होटल कोरीयनथन जेपीएस स्कूल के सामने तीन पानी रोड़ गणेश गार्डन पर स्वागत एवं रात्रि 9 बजे से श्री बाला जी का दरबार एवं भंडारे का आयोजन किया गया। आज प्रात: डोली दिनेश भट्ट के आवास विकास स्थित घर पर पहुंची। यहां स्थानीय लोगों ने भजन कीर्तन के साथ मां का गुणगान किया और प्रसाद वितरण के उपरांत डोली को विदाई दी गई। पूरे कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम के मुख्य संयोजक मंत्री प्रसाद मैथानी , जिला संयोजक दिनेश चंद्र भट्ट, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पांडे , पूर्व मेयर रामपाल सिंह, शैल परिषद अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल, कीर्ति निधि शर्मा, दिनेश बम , राजेंद्र बोहरा, कमलेश बिष्ट, श्रीमती गीता भट्ट आदि लोग पूरे कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## बंग भवन का निर्माण शुरू

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के अनुरोध पर मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत विधान सभा क्षेत्र सितारगंज के अर्न्तगत बंगाली समुदाय के लिए बंग भवन निमार्ण हेतु 1.21 कड़ोड़ रूपये स्वीकृत किया गया था। निमार्ण कार्य आरडब्ल्यूडी विभाग की देखरेख में करवाया



जा रहा है। इस भवन के निर्माण से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। बंग भवन के पूर्ण होते ही बंग भाषी लोगों को सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि करने के लिए सुविधा मिलेगी। भवन निमार्ण कार्य पूर्ण होते देख लोगो में काफी उत्साह है। क्षेत्र के लोगो ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार जताया है।

## कोचिंग सेंटरों में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर ने जून माह को ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित कर दिया है। इसे देखते हुए क्षेत्र शक्तिफार्म के समस्त कोचिंग सेंटरो में 10 जून से 19 जून तक ग्रीष्म कालीन अवकाश रखा है। समस्त कोचिंग सेंटर्स में संचालित कक्षाएं - हाई स्कूल (9जी,10जी अंग्रेजी, गणित, विज्ञान) एवं इंटरमीडिएट (11जी, 12जी अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान) है। समस्त कोचिंग क्लासेज 20 जून से निर्धारित समय पर प्रारम्भ होगी। समस्त शिक्षकगण - सुजीत सर, अंग्रेजी प्रवक्ता (सिंटेक्स इंग्लिश क्लासेस), सूर्यकांत सर, गणित एवं अर्थशास्त्र प्रवक्ता (एस. के. लर्निंग जोन), मोहित सर, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता (एम.के.एस. कोचिंग क्लासेस), मंजीत सर, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता (स्टडी जोन), सुखचाँद सर, रसायन विज्ञान प्रवक्ता (एस.चंद कोचिंग क्लासेस), प्रताप सर, जीव विज्ञान प्रवक्ता एवं मोनिका मैम, रसायन विज्ञान प्रवक्ता (टारगेट इंस्टीट्यूट), दीपक सर, अर्थशास्त्र प्रवक्ता एवं गिरीश सर भौतिक विज्ञान प्रवक्ता (सर्वोदय कोचिंग क्लासेस) समस्त कोचिंग सेंटर्स कोचिंग यूनियन से सम्बद्ध है।

## पेज एक का शेष...

**क्या मोदी लगा सकेंगे...**वह पहले किसी परमाणु संपन्न देश पर अपनी तरफ से परमाणु हमला नहीं करेगा, लेकिन अगर भारत पर ऐसा हमला होता है ,तो इसका करारा जवाब दिया जाएगा। अब चूंकि देश की सुरक्षा और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली सरकार अपना एक और कार्यकाल आरंभ कर चुकी है तथा पड़ोसी देश की उकसावे वाली हरकतें तथा गीदड़ भभकिया दिया भी जाना लगातार जारी है । ऐसे में सरकार द्वारा देश की सुरक्षा के दृष्टिगत, परमाणु हथियार के उपयोग संबंधी जो फॉरेस्ट उसे नीति की समीक्षा किया जाना गलत नहीं होगा।

**सरकार किसान कल्याण ...**योजना के तहत लिए गए हैं। पहले बड़े फैसले के तहत मोदी कैबिनेट के पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत दो करोड़ अतिरिक्त घरों को मंजूरी मिल सकती है। वहीं, दूसरे बड़े फैसले के तहत इस योजना में लाभार्थियों को दी जाने वाली सहायता में करीब 50 फीसदी की वृद्धि की जा सकती है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली । मोदी सरकार 3.0 में कुल मंत्रियों की संख्या 72 हैं, जिसमें 30 मंत्री कैबिनेट का हिस्सा होंगे। इनके अलावा 5 मंत्रियों को स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। 36 सांसदों को राज्य मंत्री का पद दिया गया है। मोदी कैबिनेट 3.0 में ऐसे कई मंत्रियों को शामिल किया गया है, जो मोदी सरकार 2.0 में भी मंत्री रहे हैं।

**गोलीकांड के मामले ...**की जानकारी मिलने पर गैस एजेंसी स्वामी महेश गोयल भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे एसआई पूरन सिंह नेगी ने कुलदीप सिंह को घायल अवस्था में 108 की मदद से सितारगंज अस्पताल भर्ती कराया। 28 जनवरी को मामले में गार्ड परशुराम पुत्र डूनी चंद निवासी मिल्क नजीर ने तहरीर दी। तहरीर के आधार पर विभिन्न धारा के तहत मुकदमा किया गया था। 31 जनवरी को कुलदीप सिंह की अस्पताल में ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस विवेचना के दौरान जांच अधिकारी ने पाया कि कुलदीप सिंह की पोस्टमार्टम व अन्य जांच में गार्ड की लापरवाही तथा उपेक्षा पूर्ण कार्य द्वारा फायर कर मृत्यु हो जाने के तथ्य सामने आये हैं। पुलिस ने कुलदीप सिंह की माता राजकुमारी तथा अन्य परिजनों से कानूनी कार्यवाही हेतु तहरीर न मिलने के बाद एस आई शंकर सिंह विष्ट की तहरीर पर धारा 304 ए के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

**तीसरी बार मोदी सरकार..** तनेजा, रमेश कालड़ा, सुरेश गोरी, राजीव कामरा राजेश कामरा, राधेश शर्मा, योगेश वर्मा, सुशील गाबा, मानस जायसवाल, गुन्नू चौधरी, बिट्टू मिश्रा, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, मनोज मदान, राजेश जग्गा, निमित्त शर्मा, शिव कुमार गंगवार, राजीव शुक्ला, प्रमोद शर्मा, महेश कोली, जगसोरान मालिक, दिलीप अधिकारी, अनीता ब्रेठा, रोबिन विश्वास, अखिल विश्वास, रोबिन मंडल, मदन दिवाकर, राजेंद्र राठौर, विजय डे,संतोष पाल, बबलू सागर, विनय विश्वास, किरन विर्क,नमन चावला, विक्की वाल्मीकि, डंम्पी चोपडा, भीमसेन गुप्ता, संजय हलदार व अन्य लोग मौजूद रहे।

**खाई में गिरने से ...**पर परिजन लोहाघाट पहुंच गए हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है। मृतक के चाचा गोविन्द बल्लभ पांडे ने बताया पंकज 4 वर्ष पूर्व ही रिटायर हुए हैं। उनका विवाह हुए तीन वर्ष हुए हैं। उन्होंने बताया जब काफी देर तक पंकज शादी समारोह में नहीं पहुंचा तथा उसके द्वारा फोन नहीं उठाया गया तो परिजन उसकी तलाश में गए। परिजनों को पंकज की बाइक और मोबाइल सड़क किनारे मिला जिसके बाद उन्होने 112 को सूचना दी। फायर टीम मे राजेश खर्कवाल, एफएम भरत सिंह, हेमचंद सिंह, प्रमोद कुमार आदि शामिल रहे।

**पिकप खाई कमें गिरने से ...**पाल, 15 वर्षीय कंचन कठायत पुत्री पृथ्वी पाल सिंह, बर्धो बेतालघाट निवासी 24 वर्षीय दीपा पत्नी विरेन्द्र और पाल्सो उंचाकोट निवासी पना देवी को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष अनीस अहमद ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही घायलों को अस्पताल लाया गया। हादसे के कारणों को पता लगाया जा रहा है।

## नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपाईयों ने जताई खुशी

गरुड(उद संवाददाता)। जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया, और एक1नए भारत के2निर्माण के लिए जल्द देश को विकसित भारत बनने के लिए किए जा1रहे प्रयास सार्थक होने की बात कही, वही जिलामुख्यालय सहित गरुड़ व अन्य स्थानों पर जश्न मनाया गया।गरुड़ मे भाजपा कार्यकर्ता जश्न मनाते हुए मोदी के तीसरी



बार प्रधानमंत्री बनने की खुशी में कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ एक दूसरे कार्यकर्ताओ को गले मिलकर, मिष्ठान वितरित कर जश्न मनाया। इस दौरान जिला मुख्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्श्वाण, भाजपा विधायक पार्वती चन्दन दास, कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, जिपं अध्यक्ष बसंती देव, पूर्व केबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, सहित अन्य कार्यकर्ताओ ने खुशी जाहिर करते हुए जश्न मनाया।वही गरुड़ में भाजपा मंडल अध्यक्ष मगंल राणा आदि मौजूद थे।

## कच्ची शराब सहित एक गिरफ्तार



किच्छा(उद संवाददाता)।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष पुलभट्टा के नेतृत्व में गठित टीम ने देर रात्रि चेकिंग के दौरान सिरसा नहर बरा क्षेत्र से गुरमीत सिह पुत्र कुलवन्त सिह निवासी सिरसा नहर बरा थाना पुलभट्टा को एक प्लास्टिक के सफेद कट्टे मे 21 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम मे थानाध्यक्ष रविन्द्र सिह विष्ट, का0 इन्द्र प्रकाश ,का0 अनिल कुमार शामिल थे।

## दीवार से टकराकर स्कूटी सवार की मौत

हल्द्वानी। घर से ड्यूटी जा रहे एक व्यक्ति की सड़क हादसे में मोत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। व्यक्ति की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मूलरूप से बागेश्वर निवासी हल्द्वानी में परिवार के साथ किराए पर रहते हैं। वह यहां होंडा एजेंसी में काम करते हैं। गत दिवस पर अपने आवास से स्कूटी पर सवार होकर ड्यूटी के लिए निकल रहे थे। जब वह एसटीएच के पास पहुंचे तभी उनकी स्कूटी दीवार से जा टकराई जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए एसटीएच में भर्ती कराया गया जहां पर उन्होंने दम तोड़ दिया। व्यक्ति की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## स्वयं सेवियों ने निकाली जागरूकता रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनता इण्टर कॉलेज में पर्यावरण सप्ताह 5 जून से 11जून तक मानाया जा रहा है। आज विद्यालय के एनएसएस के स्वयं सेवी छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकाल कर समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ० सतीश कुमार ने पर्यावरण सप्ताह के छठे दिवस छात्र-छात्राओं सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज को जागरूक करने काम शिक्षकों व हमारी युवा पीढी का ही है। समाज को नई दिशा देने का काम छात्र-छात्राओं का ही होता है जिनके द्वारा आज श्वृक्ष



लगाओ जीवन बचाओश पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य लागों में पर्यावरण को बचाने व वृक्ष लगाने के प्रति उत्साह पैदा करना और समाज को यह संदेश देना था कि वह दिनो-दिन खराब होते जा रहे वातावरण को बचाने हेतु प्रयास करें। साथ ही उन्होने कहा कि हमारे छोटे-छोटे प्रयासों से ही हम अपने जीवन दायनी वृक्षों की रक्षा करने में सफल हो सकते है। अत: हमे पर्यावरण को बचाने के लिए निरन्तर प्रयासरत रहना चाहिए। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, उत्तम कुमार अधिकारी, अमित कपूर, विरेन्द्र जोशी, संजीत चक्रवर्ती, देवरथ वर्मा, अनिल कन्नौजिया, गोविन्द, जीतेन्द्र, तजेन्द्र सिंह, अमित, देवेन्द्र पटेल, निधि, वर्षा, माया राज, रेनू, गीता उराव, ज्योति सिंह, कल्पना, हर्षित, सबीना, ममता, आदि अध्यापक-अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम परमिन्दर कौर (PARMENDER KAUR )से बदलकर परमिन्दर कौर (PARMINDRA KAUR) रख लिया है। भविष्य में मुझे परमिन्दर कौर के नाम से जाना व पहचाना जाए।

परमिन्दर कौर पत्नी श्री संतोख सिंह,
निवासी- सी-5 फेस-1, एलायंस
किंगस्टन एस्टेट, रूद्रपुर,
जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपनी पुत्री का नाम अरशप्रीत चावला से बदलकर अरशप्रीत कौर रख लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को अरशप्रीत कौर के नाम से जाना व पहचाना जाए।

अरशप्रीत कौर पुत्री श्री संतोख सिंह,
निवासी- सी-5 फेस-1, एलायंस
किंगस्टन एस्टेट, रुद्रपुर,
जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखंड


## घर में घुसा संदिग्ध पुलिस को सौंपा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर में घुसे एक संदिग्ध को परिवारजनों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पकड़ा गया युवक पूर्व में भी जेल जा चुका है। जानकारी के अनुसार रम्पुरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रीत विहार में एक युवक पडौसी के घर में घुस गया। परिजनों को घर में किसी के घुसने की आहट हुई जिस पर परिवार के लोग उठ गये और युवक को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले चाकू में जेल जा चुका है। पहले भी किसी मामले में जेल गया था। फिलहाल आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर नहीं दी है।



## चार और यात्रियों की मौत

रूद्रप्रयाग। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पर आए चार और यात्रियों की मौत हो गई। राज्य आपदा परिचालन केंद्र के मुताबिक, केदारनाथ में दो, बदरीनाथ में एक और यमुनोत्री में भी एक यात्री की जान गई है। चारधाम यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले यात्रियों की संख्या 100 पहुंच गई है। चारधाम यात्रा के दौरान अब तक केदारनाथ में सबसे ज्यादा 49 यात्रियों की मौत हुई है। वहीं, बदरीनाथ में 22, यमुनोत्री धाम में 22 और गंगोत्री में सात यात्रियों की मौत हुई है।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरू मां
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
रुपया
1
RUPEE
1990
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये
उधार ले जाइये
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338